द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

23 एवं 24 फरवरी, 2023

आत्मनिर्भर भारत: राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के परिप्रेक्ष्य में

AatmaNirbhar Bharat: In Perspective of National Education Policy- 2020

शिक्षापीठ
(शिक्षाशास्त्र विभाग)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली – 110016

संगोष्ठी सन्दर्भ

(About the Seminar)

शिक्षा से समृद्धि यह भारतीय चिन्तन के वाक्यांश **''किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या''** का ही पर्याय है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है। विद्या एक व्यापक एवं बहुअर्थी शब्द है जो व्यक्ति के अन्दर एक नई सोच एवं दृष्टि प्रदान करता है जिसके माध्यम से व्यक्ति विकट परिस्थितियों से सहजतापूर्वक बाहर निकलता है। भारत सरकार की बहुआयामी योजना **'आत्मनिर्भर भारत'** इसका ही प्रतिफल है। आत्मनिर्भर भारत की सोच को व्यावहारिक रूप देने के लिए हमें शिक्षा को ही माध्यम बनाना होगा और संभवत: यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी ऐसे अनेक सुझाव दिये गये हैं जिससे भावी पीढ़ी को कुशल तथा उद्यमशील बनाया जा सके। भारत सरकार के स्किल इंडिया अभियान द्वारा कौशल युक्त ऐसे ऊर्जावान व्यक्ति तैयार करने पर बल दिया जा रहा है जो मेक इन इंडिया के सपने को साकार कर सकें तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जा सके। इन सभी अभियानों को सफल बनाने हेतु नई शिक्षा नीति में शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर परिवर्तन हेतु सुझाव दिये गये हैं। विगत कुछ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन, प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप जैसे अनेक कार्यक्रमों ने देश के युवाओं के लिए विविध अवसर उपलब्ध कराये हैं। **आत्मनिर्भर भारत** मई 2020 से प्रारम्भ होकर प्रतिदिन नई ऊँचाईयों को छू रहा है। शैक्षिक परिवेश में इसकी भूमिका तथा इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अभिनव चिंतन के प्रसार तथा समझ को नई दृष्टि प्रदान करेगा।

संगोष्ठी का उद्देश्य

(Focus of the Seminar)

- भारत को समर्थ एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुझावों का विश्लेषण करना।
- शिक्षा में नवाचार व अनुसंधान के प्रति अन्तर्दृष्टि विकसित करना।
- शिक्षा द्वारा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर भावी पीढ़ी में आत्मनिर्भरता का दृष्टिकोण विकसित करना।
- स्वदेशी तथा स्वावलंबी विचारधारा की प्रासंगिकता को निरूपित करना।
- भारतीय कला एवं संस्कृति आधारित उद्यमिता का विचार विकसित करना।

उप-विषय

(Sub-themes)

इस संगोष्ठी के लिये आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित उप-विषय निर्धारित किये गये हैं -

- भारतीय ज्ञान परम्परा, कला एवं संस्कृति
- कौशल विकास, उद्यमिता एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा
- नारी सशक्तोकरण
- समतामूलक समावेशी शिक्षा
- पाठ्यक्रम एवं शिक्षणशास्त्र
- सांस्थानिक पुर्नगठन एवं नेतृत्व
- बहुविषयक/बहुभाषिक शिक्षा
- अध्यापक शिक्षा एवं शोध
- पर्यावरण एवं सुस्थिर विकास
- योगशिक्षा एवं मूल्य

पंजीकरण

(Registration)

राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभागी एवं पत्र प्रस्तुतकर्ता दिनाँक 08 फरवरी, 2023 तक दिये गये लिंक पर https://forms.gle/rL2TjSVTaBy7oAEYA पंजीकरण कर पूर्ण शोध पत्र की सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करें। स्वीकृत शोध पत्रों की सूचना दिनाँक 13.02.2023 तक ई मेल के माध्यम से प्रदान की जायेगी। संगोष्ठी के दौरान दोपहर का भोजन एवं चाय प्रदान की जाएगी। **कोई टी.ए./डी.ए. नहीं** दिया जायेगा परन्तु पूर्व सूचना पर उपलब्धतानुसार आवास की व्यवस्था की जा सकती है जिसका व्यय प्रतिभागियों द्वारा वहन किया जायेगा।

संगोष्ठी कार्यक्रम

(Seminar Programme)

संगोष्ठी कार्यक्रम कुल 8 सत्रों में सम्पन्न किया जायेगा जिसमें प्रथम सत्र उद्घाटन एवं अन्तिम सत्र समापन का होगा। इसके अतिरिक्त पैनल परिचर्चा एवं तकनीकी सत्र होंगे।

पत्र सम्बन्धित सूचना

(Paper Related Information)

संगोष्ठी में आमन्त्रित पत्र-प्रस्तुतकर्ता प्रस्तुति हेतु स्वीकृत अपने शोध पत्रों की टंकित हार्ड कॉपी आवश्यक रूप से संगोष्ठी के पूर्व सत्र संयोजक को प्रदान करें जिससे लेखों को संगोष्ठी कार्यवृत्त के रूप में प्रकाशित किया जा सके। पत्र का टंकण अंग्रेजी में Font- Times New Roman (font size- 12) या हिन्दी में Font – Walkman-chanakya-901 (font size- 16) करें। लेख की शब्द-सीमा 2500-3000 शब्द निर्धारित की गई है। संगोष्ठी कार्यवृत्त की प्रति पत्र प्रस्तुतकर्ताओं को बाद में दी जायेगी। पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

संरक्षक

प्रो. मुरली मनोहर पाठक

(कुलपति)

अध्यक्ष

प्रो. सदन सिंह

(पीठाध्यक्ष)

संयोजक

प्रो. रचना वर्मा मोहन

सह संयोजक

प्रो.मीनाक्षी मिश्र

आयोजक

शिक्षापीठ

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली - 110016

संगोष्ठी से सम्बन्धित सूचनार्थ सम्पर्क सूत्रः

दूरभाष नं. :- 01146060687, 01146060636

मोबाइल नं. :- 9891777666, 9910000824, 9650040618, 9868472429

ईमेल :- eseminar23@gmail.com, education@slbsrsv.ac.in